कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेल रोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602 AISHE CODE : C-21647

दुर्ग, दिनांक : 30/01/2026

## // महात्मा गाँधी की पुण्यथिति पर भावपूर्ण नमन//

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय में अ दिनांक 30/01/2026 को 11.00 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। यह दिवस गाँधी जी के बलिदान,सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतो को स्मरण करने हेतु आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य, डॉ रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि गाँधी जी का जीवन सत्य, अहिंसा एवं त्याग और सादगी का अनुपम उदाहरण है। उन्होने छात्राओ से गाँधी जी के सिद्धातों को अपनाने की सलाह दी। इसके पश्चात गाँधी जी को नमन करने के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धों का सम्मान तथा फल, मिठाई एवं बिस्किट का वितरण किया गया। वृद्धाश्रम में छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुषमा यादव ने छात्राओं को वृद्धों की सुरक्षा एवं देखरेख हेतु प्रेरित किया। डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने शासन द्वारा वृद्धो के लिए चलाये जा रहे अभियान की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वंदना बंजारे एवं आभार प्रदर्शन रोशनी साहू के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकगण ,समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्रायें उपस्थित थे।

प्राचार्य
डॉ0 रंजना श्रीवास्तव

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय जिला दुर्ग(छ.ग.)

